प्रति,

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय,
जिला ग्वालियर (म.प्र.)

विषय : **श्रीमती सरोज पत्नी रामकिशन शाक्य निवासी अशोक कॉलोनी, गंगू की चक्की के पास, पुलिस थाना ठाठीपुर को लाला उपाध्याय निवासी इन्द्रा पार्क के पीछे, अशोक कॉलोनी द्वारा टैरर पैदा कर बयान देने के लिए मजबूर करना एवं मारने पीटने की धौंस, कुतिया, कुरकुट बार बार शब्द का इस्तेमाल कर जान से मारने की धौंस देने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने बावत्।**

संदर्भ : मेरा न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक **MJC/236/2020** जिला न्यायालय रामकिशन बनाम भागीरथ एवं उच्च न्यायालय प्रकरण क्रमांक **904/2015** विविध अपील रामकिशन बनाम भागीरथ विचाराधीन है।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि मुझ प्रार्थिनी का न्यायालयीन प्रकरण जो कि न्यायालय में विचाराधीन है, परन्तु भागीरथ पुत्र सोनेराम को कुछ माफिया लोगों द्वारा जिसमें प्रमुख धनश्याम शिवहरे कालीमाई संतर मुरार, पप्पू बाथम नदी पुल के पास एवं लाला उपाध्याय जो 15 दिन से मेरे घर पर रोज चक्कर लगा रहा है। इन्होंने भागीरथ को अपने चंगुल में लेकर पुलिस को शिकायत भागीरथ ने यह कहकर करवाई है। कि हमने मकान खरीद लिया है और यह बोलते है कि मैने भागीरथ से 17,00,000/– (सत्रह लाख रूपये) में मकान खरीदा है अब आपको यहां से हटना पड़ेगा अब ये मैटर मेरा है भागीरथ का नहीं आपने भागीरथ को जो पैसे दिये है वह मुझे 1,17,000/– की बजाय 2,50,000/– ले लो और यहां से जाओं इसी में भलाई है क्योंकि आप कोर्ट में हार चुके है इस संबंध में हमारे पास जो भी लोग आते रहे है उसकी सूचना पुलिस हमने को दी है। अभी कुछ दिन पूर्व ही धोनी जाटव एवं रवि भदौरिया सिरोल आये थे परन्तु जब उनको वास्तुस्थिति का, पता चला तो वह शांत हो गये और वहां से चले गये। परन्तु वर्तमान समय में लाला उपाध्याय हम लोगों को ज्यादा ही परेशान कर रहा है वह पुलिस से सांठ–गांठ कर पैसे का लेनदेन कर धन बल से मकान खाली कराना चाहता है।

अतः श्रीमान जी से अनुरोध है कि उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का कष्ट करे इन लोगों ने हमारा जीना हराम कर रखा है। मैं प्रार्थिनी काफी परेशान हूँ तीन सालों से सडक पर डली हुई हूँ कोई सुनने वाला नहीं है। माफियाओं ने पुलिस से सांठ–गांठ कर यह पूरा खेल खेला है। उक्त लाला उपाध्याय का आदतन धंधा है वह विवादित मकानो में हस्तक्षेप कर गरीबों की सम्पत्ति को हडप लेता है।

अतः श्रीमान से अनुरोध है कि धनश्याम शिवहरे, लाला उपाध्याय, पप्पू बाथम के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्जकर मुझ फरियादियाँ को मानवीयता के आधार पर वरिष्ठ महिला अधिकारियो से निष्पक्ष जांच कराये जाने की कृपा करें। मैं प्रार्थिनी आपकी सदैव आभारी रहूँगी।

दिनांक : 15/10/2023

प्रार्थिनी

सरोज

श्रीमती सरोज पत्नी रामकिशन शाक्य
अशोक कॉलोनी, गंगू की चक्की के पास
पुलिस थाना ठाठीपुर, मो. 9617842047

Mo. 9617842047